व्याख्या ⇒ एसपी सक्सेना को बयान देते हुए बिंदा कहता है कि साहब, जोरावर गाँव का जमींदार व लठैत है। वह गाँव के सभी कमजोर लोगों पर जुल्म ढाहता है। बेचारे गाँववाले सदियों से शोषण के शिकार होते आये हैं, अब उनमें अपनी आवाज उठाने की हिम्मत नहीं है क्योंकि जमींदार व सरपंच के खौफ ने उनको दबा रखा है। दलितों के घर, जमीन सब पर कब्जा कर रखा है। उनकी जिंदगी

दृष्टि The Vision
641, प्रथम तल, मुखर्जी नगर, दिल्ली-9
दूरभाष : 011-47532596, 8750187501 (+91) 8130392354, 8130392356
ई-मेल: helpline@groupdrishti.com, वेबसाइट: www.drishtiIAS.com
फेसबुक: facebook.com/drishtithevisionfoundation, ट्विटर: twitter.com/drishtiias
Copyright – Drishti The Vision Foundation

कृपया इस स्थान में प्रश्न संख्या के अतिरिक्त कुछ न लिखें। (Please do not write anything except the question number in this space)

कृपया इस स्थान में कुछ न लिखें। (Please don't write anything in this space)

को गुलाम-सी बना रखा है। किंतु आतंक इतना ज्यादा है कि जो आवाज उठाता है, उसकी हत्या से उड़वा देते हैं। अतः सभी लोग चुपचाप शोषण सहते रहते हैं।

विशेष :- (1) ~~शोषण~~ उच्च जातियों व लोगों का दलितों पर शोषण आज भी कायम है। बेलछी जैसे कांड अभी भी होते हैं। गुजरात के ऊना व बिहार के लक्ष्मणपुर की घटनाएँ इसी स्थिति को व्यंजित करती हैं।

(2) लेखिका ने स्पष्ट किया है कि उच्च वर्ग दलितों के अधिकारों पर बलपूर्वक अवैध कब्जा जमाए बैठा है।

(3) भाषा बेहद सरल, प्रवाहमयी, चुटीली व मारक है। भाषा की संप्रेषणीयता लाजवाब है।

Copyright – Drishti The Vision Foundation

A3

कृपया इस स्थान में प्रश्न संख्या के अतिरिक्त कुछ न लिखें।
(Please do not write anything except the question number in this space)

कृपया इस स्थान में कुछ न लिखें।
(Please don't write anything in this space)

(ङ) यह तुम नहीं, तुम्हारा स्वार्थ बोल रहा है। स्वार्थ को इतनी छूट देना ठीक नहीं कि वह विवेक को ही खा जाए। अखबारों को तो आज़ाद रहना ही चाहिए। वे ही तो हमारे कामों का, हमारी बातों का असली दर्पण होते हैं। मेरा तो उसूल है कि दर्पण को धुंधला मत होने दो। हाँ, अपनी छवि देखने का साहस होना चाहिए आदमी में।

उक्त पंक्तियाँ मन्नू भंडारी के राजनीतिक उपन्यास 'महाभोज' से ली गयी हैं। जब लखन दा साहब से दत्ता बाबू के अखबार को उनके खिलाफ खबर छापने से रोकने की बात करता है, तब दा साहब आडंबर पूर्वक कहते हैं कि -

व्याख्या -: लखन, तुम स्वार्थ में केवल अपना हित देखकर मीडिया की स्वतंत्रता को दबाने का प्रयास कर रहे हो। अखबार सरकार के कार्यों की निष्पक्ष समीक्षा कर, सरकार के असली चरित्र से जनता को जागरूक करते हैं। मीडिया की स्वतंत्रता समाज के विकास के लिए जरूरी है, इसलिए कभी भी राजनेता को मीडिया को दबाने का प्रयास

Copyright – Drishti The Vision Foundation

नहीं करना चाहिए, बल्कि मेरी तरह मीडिया के सामने अपने को प्रस्तुत करना चाहिए और मीडिया को पूरी समीक्षा करने की आजादी देनी चाहिए।

विशेष :- (1) मीडिया की स्वतंत्रता आज के समय में ज्यादा प्रासंगिक हो गयी है, क्योंकि सरकार की शक्तियाँ बढ़ रही है और जनता जागरूक हो रही है। मीडिया ही वह माध्यम है जो इनके बीच सेतु बनकर लोकतंत्र का चौथा स्तंभ बन सकती है।

(2) दारोगा साहब जैसे दोगले लोगों द्वारा यह दिखाया जाता है, जिस प्रकार रायसाहब गोदान में 'ओंकारनाथ' को खरीदते हैं, वैसे ही दारोगा साहब दत्ता बाबू को।

5½/10

कृपया इस स्थान में प्रश्न संख्या के अतिरिक्त कुछ न लिखें। (Please do not write anything except the question number in this space)
कृपया इस स्थान में कुछ न लिखें। (Please don't write anything in this space)
दृष्टि The Vision
641, प्रथम तल, मुखर्जी नगर, दिल्ली-9
दूरभाष : 011-47532596, 8750187501 (+91) 8130392354, 8130392356
ई-मेल: helpline@groupdrishti.com, वेबसाइट: www.drishtiIAS.com
फेसबुक: facebook.com/drishtithevisionfoundation, ट्विटर: twitter.com/drishtiias
Copyright – Drishti The Vision Foundation

कृपया इस स्थान में प्रश्न संख्या के अतिरिक्त कुछ न लिखें।
(Please do not write anything except the question number in this space)

6. (क) "लेखक ने कला के अनुराग से काल्पनिक चित्र में ऐतिहासिक वातावरण के आधार पर यथार्थ का रंग देने का प्रयास किया है।" -दिव्या के संबंध में अपनी इस स्वीकारोक्ति के निर्वाह में यशपाल कहाँ तक सफल हो गए हैं? युक्तियुक्त उत्तर दीजिये। 20

कृपया इस स्थान में कुछ न लिखें।
(Please don't write anything in this space)

दिव्या यशपाल द्वारा ऐतिहासिक आधार लिये रचित कृति है। ऐसे में प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि लेखक ने रचना में कितना यथार्थ इतिहास को लिया है और कितना अपनी कल्पनाशीलता का पुट दिया है।

दिव्या में कल्पनाशीलता के निर्धारण से पूर्व यशपाल का इतिहास बोध जानना आवश्यक है। यशपाल मार्क्सवादी होने के कारण ऐतिहासिक भौतिकवाद को मानते हैं। इसलिए रोमानी दृष्टिकोण उनके यहाँ स्पष्ट नहीं दिखता। उनकी स्पष्ट मान्यता है कि "इतिहास व्यक्ति का अपनी परंपरा में आत्मविश्लेषण है।" तथा इतिहास का प्रयोग व्यक्ति 'भविष्य के संकेत'

Copyright – Drishti The Vision Foundation

कृपया इस स्थान में प्रश्न संख्या के अतिरिक्त कुछ न लिखें। (Please do not write anything except the question number in this space)

कृपया इस स्थान में कुछ न लिखें। (Please don't write anything in this space)

प्राप्त करने के लिए करता है। अत: यशपाल इतिहास को दोहराना नहीं बल्कि इतिहास के जरिये वर्तमान समस्याओं का यथार्थ विश्लेषण कर आधुनिक समस्याओं का हल ढूँढना चाहते हैं। इसलिए वे ऐतिहासिक वातावरण को ग्रहण करते हैं, न कि इतिहास लिखने का प्रयास करते हैं।

यशपाल ने प्राक्कथन में स्पष्ट तौर पर लिखा है कि "दिव्या इतिहास नहीं ऐतिहासिक कल्पना मात्र है।" वे तो महज 'एक काल्पनिक चित्र' बनाकर उसमें अपनी कल्पनाशीलता, मौलिकता, रचनाशीलता व अपन दर्शन बोध का प्रक्षेपण कर उसको ऐतिहासिक रूप में प्रस्तुत भर करना चाहते थे।

जहाँ तक बात बात इतिहाससम्मतता की है, तो यशपाल ने ऐतिहासिक वातावरण

641, प्रथम तल, मुखर्जी नगर, दिल्ली-9
दूरभाष : 011-47532596, 8750187501 (+91) 8130392354, 8130392356
ई-मेल: helpline@groupdrishti.com, वेबसाइट: www.drishtiIAS.com
फेसबुक: facebook.com/drishtithevisionfoundation, ट्विटर: twitter.com/drishtiias
Copyright – Drishti The Vision Foundation

A3

दृष्टि The Vision

कृपया इस स्थान में प्रश्न संख्या के अतिरिक्त कुछ न लिखें।
(Please do not write anything except the question number in this space)

कृपया इस स्थान में कुछ न लिखें।
(Please don't write anything in this space)

साधने के लिए निम्न प्रयोग किए हैं -

(क) चरित्रों के स्तर पर मिलिन्द, पतंजलि व पुष्यमित्र ऐतिहासिक चरित्र हैं। इनकी जो विशेषताएँ दर्शायी हैं वे इतिहास सम्मत हैं, किन्तु ये खुद उपस्थित नहीं हुए हैं, महज अन्य लोगों के वर्णनों में संदर्भ की तरह आते हैं। इनके अतिरिक्त सभी चरित्र काल्पनिक हैं तथा किसी विशेष समस्या या स्थिति का प्रतीक हैं।

(ख) देश-काल को लेकर "बौद्ध काल" की चर्चा है, जब मिलिन्द का पश्चिमोत्तर भारत में शासन होता है, के तुरंत बाद का समय लिया है। देश अर्थात स्थान के स्तर पर सागल, मगध व मथुरा का वर्णन है। मगध का विवरण महज संवादों में है, प्रत्यक्ष नहीं। सागल व

Copyright – Drishti The Vision Foundation

कृपया इस स्थान में प्रश्न संख्या के अतिरिक्त कुछ न लिखें।
(Please do not write anything except the question number in this space)

कृपया इस स्थान में कुछ न लिखें।
(Please don't write anything in this space)

मथुरा के बारे में कला का केन्द्र होने, दास व्यापार होने आदि का वर्णन इतिहास द्वारा प्रमाणित है।

(ग) ऐतिहासिक वातावरण को साधने के लिए भाषा के स्तर पर तत्कालीन शब्दावली का प्रयोग किया है, जो बृहद काल के ग्रंथों में मिलती है।

(घ) अपने मार्क्सवादी मूल्य थोपे हुए न लगें इसलिए चार्वाक ऋषि का अवलंब लिया है।

स्पष्ट है कि इतिहास को लेकर प्रसाद व गुप्त रोमानी व टेक्नोलॉजिक नजरिया रखते हैं, वहीं मोहन राकेश, धर्मवीर भारती आदि केवल संदर्भ मात्र लेते हैं; वहीं यशपाल ऐसे रचनाकार हैं जो वर्तमान समस्याओं को सार्वभौमिक बनाने के लिए वर्तमान मनुष्य का इतिहास में जाकर आत्मविश्लेषण करते हैं।

कल्पना के प्रयोगों द्वारा यथार्थ (समस्याओं) को भी रेखांकित का उल्लेख होना चाहिए

अच्छा प्रयास

10½/20

दृष्टि The Vision
641, प्रथम तल, मुखर्जी नगर, दिल्ली-9
दूरभाष : 011-47532596, 8750187501 (+91) 8130392354, 8130392356
ई-मेल: helpline@groupdrishti.com, वेबसाइट: www.drishtiIAS.com
फेसबुक: facebook.com/drishtithevisionfoundation, ट्विटर: twitter.com/drishtiias

Copyright – Drishti The Vision Foundation

दृष्टि The Vision

कृपया इस स्थान में प्रश्न संख्या के अतिरिक्त कुछ न लिखें।
(Please do not write anything except the question number in this space)

(ख) नायकत्व की दृष्टि से 'मैला आँचल' पर विचार कीजिये। 15

कृपया इस स्थान में कुछ न लिखें।
(Please don't write anything in this space)

हिन्दी साहित्य परंपरा नायकत्व की दृष्टि से प्रयोगधर्मी रही है। प्राचीन रचनाओं में नायक औदात्य सम्पन्न व कुलीन होते थे, किंतु प्रेमचंद ने क्रांति कर उसका लोकतांत्रिकीकरण कर दिया और 'होरी' जैसे किसान को नायकत्व प्रदान किया। इसी प्रकार, प्रसाद ने कामायनी व ध्रुवस्वामिनी, आदि के जरिये नायकत्व का नारीकरण किया। रेणु इससे अगले स्तर की क्रांति करते हैं और वे मानव से इतर 'अंचल' को नायकत्व प्रदान करते हैं।

लोकतंत्रीकरण

वस्तुत: नायक का फैसला इस बात से हो सकता है कि कथानक में कौन सा पात्र सर्वाधिक संचालित है; किस पात्र के विकास में रचनाकार ने सर्वाधिक ऊर्जा खर्च की है तथा कौनसा पात्र पाठक

Copyright – Drishti The Vision Foundation

कृपया इस स्थान में प्रश्न संख्या के अतिरिक्त कुछ न लिखें।
(Please do not write anything except the question number in this space)

कृपया इस स्थान में कुछ न लिखें।
(Please don't write anything in this space)

की चेतना में प्रभाव छोड़ता है।

मैला आँचल के संदर्भ में स्पष्ट है कि यहाँ कोई केन्द्रीय घटना नहीं है, घटनाओं की बारम्बारता है। ~~अतः~~ इन घटनाओं में विभिन्न पात्र आते जाते रहते हैं। अतः किसी एकल चरित्र को नायक मानना कठिन है। यद्यपि डॉ. प्रशांत, कालीचरण व बावनदास में नायकत्व की झलक मिलती है। किन्तु कालीचरण जहाँ अंतिम बिन्दु स्तर पर कथानक से गायब सा हो जाता है, वहीं बावनदास तो अपने मूल्यों सहित वीरगति को प्राप्त करने को अभिशप्त है। डॉ. प्रशांत में थोड़ी अधिकता है, किन्तु गाँव के सभी पक्षों को उभारने में वे असमर्थ हैं।

अतः अँचल ही वह केन्द्रीय तत्व उभरकर सामने आता है, जिसे नायक का दर्जा दिया जा सकता है। रचनाकार खुद

641, प्रथम तल, मुखर्जी नगर, दिल्ली-9
दूरभाष : 011-47532596, 8750187501 (+91) 8130392354, 8130392356
ई-मेल: helpline@groupdrishti.com, वेबसाइट: www.drishtiIAS.com
फेसबुक: facebook.com/drishtithevisionfoundation, ट्विटर: twitter.com/drishtiias

Copyright – Drishti The Vision Foundation

कृपया इस स्थान में प्रश्न संख्या के अतिरिक्त कुछ न लिखें।
(Please do not write anything except the question number in this space)

कृपया इस स्थान में कुछ न लिखें।
(Please don't write anything in this space)

घोषणा करते हैं कि 'यह है मैला आँचल एक आँचलिक उपन्यास। xxx कथानक है पूर्णिया। मैंने इसके एक हिस्से के एक गाँव को पिछड़े गाँव का प्रतीक मानकर कथा रची है।"

स्पष्ट है कि मेरीगंज ही वह पक्ष है, जिससे गाँव के सभी सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक पक्ष उभरते हैं; बल्कि सांस्कृतिक व भौगोलिक पक्षों का सांगोपांग व संपूर्णता में वर्णन मजबूर कर देता है कि यही नायक है। इसके अतिरिक्त, रचना को पढ़कर मेरीगँज की स्थिति ही चेतना में प्रतीत होती है और उस अँचल में खो जाने को बाध्य करती है।

उपरोक्त विश्लेषण के आधार पर कहा जा सकता है कि मैला आँचल में मेरीगंज का नायकत्व ही है, जिसने इसे महान रचना बना दिया। अच्छा

9/15

641, प्रथम तल, मुखर्जी नगर, दिल्ली-9
दूरभाष : 011-47532596, 8750187501 (+91) 8130392354, 8130392356
ई-मेल: helpline@groupdrishti.com, वेबसाइट: www.drishtiIAS.com
फेसबुक: facebook.com/drishtithevisionfoundation, ट्विटर: twitter.com/drishtiias

Copyright – Drishti The Vision Foundation

कृपया इस स्थान में प्रश्न संख्या के अतिरिक्त कुछ न लिखें।
(Please do not write anything except the question number in this space)

कृपया इस स्थान में कुछ न लिखें।
(Please don't write anything in this space)

(ग) 'मैला आंचल' के नामकरण पर विचार करें। क्या आप इस उपन्यास का इससे बेहतर नाम सुझा सकते हैं? 15

नामकरण किसी रचना की वह पहचान है जो रचना के पढ़ने से पहले ही रचना की प्रारंभिक झलक प्रदान करती है। कोई भी महान रचनाकार ऐसा नामकरण करना चाहता है जो रचना के कथानक से मेल खाता हो तथा संक्षिप्त व सारगर्भित हो।

जहाँ तक बात 'मैला आँचल' के नाम को लेकर है तो इसकी औचित्यता का फैसला दोनों शब्दों के अर्थों को जानकर ही किया जा सकता है।

(क) यहाँ 'मैला' शब्द का प्रयोग रचनाकार ने इसलिए किया है कि जिस अंचल का वर्णन यहाँ किया है, वहाँ "फूल भी हैं, शूल भी हैं, गुलाब भी है, कीचड़ भी है।" गाँव का परिवेश इतना पिछड़ा, रूढ़िवादी व जहालत भरा है कि

641, प्रथम तल, मुखर्जी नगर, दिल्ली-9
दूरभाष : 011-47532596, 8750187501 (+91) 8130392354, 8130392356
ई-मेल: helpline@groupdrishti.com, वेबसाइट: www.drishtiIAS.com
फेसबुक: facebook.com/drishtithevisionfoundation, ट्विटर: twitter.com/drishtiias
Copyright – Drishti The Vision Foundation

दृष्टि The Vision

कृपया इस स्थान में प्रश्न संख्या के अतिरिक्त कुछ न लिखें। (Please do not write anything except the question number in this space)

कृपया इस स्थान में कुछ न लिखें। (Please don't write anything in this space)

लोगों का पूरा जीवन मैला नजर आता है। मूलतः मैला शब्द के माध्यम से शहर की तुलना में गाँव का कंट्रास्ट दिखाया गया है।

(ब) 'आँचल' शब्द को लेने के पीछे दो कारण हैं। पहला, कि रेणु आँचलिक उपन्यास नामक नयी उपन्यास धारा शुरू करना चाहते थे और दूसरा, कि अपनी मातृभूमि के आंचल के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करना चाहते थे क्योंकि उन्होंने इसी अंचल में जन्म ग्रहण किया है।

अब यदि मैला आंचल से इतर विचार करें तो न तो कोई चरित्र ऐसा है जो नायकत्व का आधार बन सके। घटनाएँ इतनी तीव्रता से घटित

दृष्टि The Vision
641, प्रथम तल, मुखर्जी नगर, दिल्ली-9
दूरभाष : 011-47532596, 8750187501 (+91) 8130392354, 8130392356
ई-मेल: helpline@groupdrishti.com, वेबसाइट: www.drishtiIAS.com
फेसबुक: facebook.com/drishtithevisionfoundation, ट्विटर: twitter.com/drishtiias
Copyright – Drishti The Vision Foundation

कृपया इस स्थान में प्रश्न संख्या के अतिरिक्त कुछ न लिखें। (Please do not write anything except the question number in this space)

कृपया इस स्थान में कुछ न लिखें। (Please don't write anything in this space)

होती है कि कोई नामकरण का आधार नहीं बन सकती। केवल स्थान ही वह तत्व है जो नामकरण का आधार बन सकता है। इसके लिए 'मेरीगंज' या 'मेरीगंज कोठी' या 'मेरा गाँव' जैसे नाम हो सकते हैं। किन्तु जो भाव व उद्देश्य "मैला आँचल" से अभिव्यक्त होता है, वह किसी अन्य नाम से नहीं।

अतः "मैला आँचल" नाम ही सर्वश्रेष्ठ है, ऐसा सटीक नाम रखने के लिए लगता है कि रचनाकार ने कई दिनों तक मानसिक जद्दोजहद की हो।

अच्छा

9/15

641, प्रथम तल, मुखर्जी नगर, दिल्ली-9
दूरभाष : 011-47532596, 8750187501 (+91) 8130392354, 8130392356
ई-मेल: helpline@groupdrishti.com, वेबसाइट: www.drishtiIAS.com
फेसबुक: facebook.com/drishtithevisionfoundation, ट्विटर: twitter.com/drishtiias
Copyright – Drishti The Vision Foundation

कृपया इस स्थान में प्रश्न संख्या के अतिरिक्त कुछ न लिखें।
(Please do not write anything except the question number in this space)

7. (क) 'दिव्या' उपन्यास में मारिश के नारी-संबंधी दृष्टिकोण को प्रकट कीजिये। क्या यह दृष्टि उपन्यासकार यशपाल की नारी-दृष्टिकोण का भी प्रतिनिधित्व करती है? तार्किक उत्तर दीजिये। 20

कृपया इस स्थान में कुछ न लिखें।
(Please don't write anything in this space)

उपरोक्त उपन्यास (दिव्या) समाज की विविध समस्याओं को मानवतावादी नजरिये से विश्लेषित करता है। ~~ब~~ इसने वर्णव्यवस्था, बौद्ध धर्म, दास व्यवस्था, पात्रों के चरित्र व नारी की स्थिति आदि का सर्जनात्मक वर्णन किया है। यशपाल द्वारा ~~द्वैत~~ इस उपन्यास में नारी दृष्टि के समाधान पक्ष का प्रतिनिधित्व चार्वाक मत का प्रतिनिधि मारिश करता है। चार्वाक तथा मार्क्सवाद दोनों के भौतिकवादी होने के कारण यह प्रश्न उठता है कि यशपाल चार्वाक मारिश के वेश में मार्क्सवाद संबंधी अपनी नारी दृष्टि को प्रक्षेपित कर रहे हैं।

Copyright – Drishti The Vision Foundation

कृपया इस स्थान में प्रश्न संख्या के अतिरिक्त कुछ न लिखें।
(Please do not write anything except the question number in this space)

कृपया इस स्थान में कुछ न लिखें।
(Please don't write anything in this space)

~~उत्तर:~~

मारिश की नारी दृष्टि ~~[illegible]~~, यशपाल की नारी दृष्टि का भी प्रतिनिधित्व करती है, इस तथ्य को निम्न विश्लेषण से समझ सकते हैं-

(1) मारिश चार्वाक मत का प्रतिनिधि है अतः ~~[illegible]~~ आत्मा, ईश्वर, इहलौकवाद में उसकी रुचि नहीं है। मारिश का स्पष्ट मत है कि जिस बौद्ध धर्म में नारी को त्याज्य माना गया है, वह निर्वाण चेतना मिथ्या है -

" भन्ते। जिस स्थूल जगत व शरीर ~~को~~ संपूर्ण जन महसूस करता है उसे मिथ्या मानना और जिस निर्वाण को केवल भिक्षु मानता है उसको सत्य मानना क्या तर्कसंगत है? xxx देवि यह देह ही सत्य है। यह शरीर ही सत्य है जो पाना है, इसी जीवन में पाओ।"

641, प्रथम तल, मुखर्जी नगर, दिल्ली-9
दूरभाष : 011-47532596, 8750187501 (+91) 8130392354, 8130392356
ई-मेल: helpline@groupdrishti.com, वेबसाइट: www.drishtiIAS.com
फेसबुक: facebook.com/drishtithevisionfoundation, ट्विटर: twitter.com/drishtiias

दृष्टि The Vision
Copyright – Drishti The Vision Foundation

A3

दृष्टि The Vision

कृपया इस स्थान में प्रश्न संख्या के अतिरिक्त कुछ न लिखें।
(Please do not write anything except the question number in this space)

कृपया इस स्थान में कुछ न लिखें।
(Please don't write anything in this space)

(2) मारिशा का मत है कि नारी का कार्य मोक्ष प्राप्ति नहीं बल्कि सृष्टि को गति प्रदान करना है। यह विषा के जीवनमोह से विरक्ति पर कहता है-
"तुम्हारी कला तुम्हारी आकर्षण शक्ति का विस्तार मात्र है। वह नारी में सृष्टि की आदिशक्ति है।"

(3) मारिशा विषा के वेश्या बनने पर कहता है कि "जिस प्रकार कुलवधु का भोग उसका पति करता है, वैसे ही वेश्या का भोग संपूर्ण समाज तथा जन करता है। xxx वेश्या की स्वतंत्रता का भोग जनपद करता है, वह स्वयं नहीं।"

(4) मारिशा की मूल नारीदृष्टि कथा अंतिम पृष्ठों पर उभरती है जहां वह

641, प्रथम तल, मुखर्जी नगर, दिल्ली-9
दूरभाष : 011-47532596, 8750187501 (+91) 8130392354, 8130392356
ई-मेल: helpline@groupdrishti.com, वेबसाइट: www.drishtiIAS.com
फेसबुक: facebook.com/drishtithevisionfoundation, ट्विटर: twitter.com/drishtiias
Copyright – Drishti The Vision Foundation

नारी को स्वतंत्र व्यक्ति का दर्जा देता है तथा नारीत्व व पुरुषत्व के परस्पर अन्योन्याश्रय की बात करता है। वह 'धूल धूसरित मार्ग पर' उनके साथ समतामूलक तरीके से चलने की बात करता है।

यही वह दृष्टिकोण है जो यशपाल का स्वयं का है। मार्क्सवादी दृष्टिकोण होने के कारण सहज ही मालिश की नारी दृष्टि मार्क्सवाद के नारी संबंधी मान्यताओं से मेल खाती है।

अच्छा

$11\frac{1}{2}$ / 20

641, प्रथम तल, मुखर्जी नगर, दिल्ली-9
दूरभाष : 011-47532596, 8750187501 (+91) 8130392354, 8130392356
ई-मेल: helpline@groupdrishti.com, वेबसाइट: www.drishtiIAS.com
फेसबुक: facebook.com/drishtithevisionfoundation, ट्विटर: twitter.com/drishtiias
Copyright – Drishti The Vision Foundation

दृष्टि The Vision

कृपया इस स्थान में प्रश्न संख्या के अतिरिक्त कुछ न लिखें।
(Please do not write anything except the question number in this space)

(ख) मैला आँचल में निहित रेणु की राजनीतिक चेतना का उद्घाटन कीजिये। 15

कृपया इस स्थान में कुछ न लिखें।
(Please don't write anything in this space)

हिन्दी उपन्यास परंपरा में राजनीतिक उपन्यासों की परंपरा मिल रही है। रेणु से पूर्व 'गोदान' व 'झूठा-सच' आदि जैसी रचनाओं में राजनीतिक पक्ष आते हैं, किन्तु जो संपूर्णता, तटस्थता रेणु ने मैला आँचल में व्यक्त की है, वह यथार्थ व संपूर्ण है।

गौरतलब है कि रेणु समाजवादी विचारधारा के पक्षधर थे अतः आजादी के बाद के शासन में जिस तरह जमींदारों, पूंजीपतियों का प्रभाव बढ़ रहा था, तो वे समझ चुके थे कि आजादी के सपने बेमानी थे। इसी मोहभंग की मानसिकता से वरकर गंभीर राजनीतिक चिंतन यहाँ करते हैं।

Copyright – Drishti The Vision Foundation

मैला आँचल में राजनीतिक चेतना मुख्य रूप से कांग्रेस, समाजवादी दल व हिन्दु महासभा - आरएसएस के रूप में विश्लेषण में दिखती है।

कांग्रेस पार्टी ने निर्विवाद रूप से आजादी की लड़ाई लड़ाई। किन्तु आजादी के बाद उसका चरित्र अवसरवादी हो गया जिसपर कापरा जैसे तस्कर व अपराधियों का अधिकार हुआ, इस कारण गाँधीवादी मूल्य के पक्षधर बावनदास को "भारत माता अभी भी रो रही" नजर आती है। गाँधीजी की मौत के श्राद्ध के दिन बावनदास की कापरा द्वारा हत्या गाँधीवादी मूल्यों की अंतिम विदाई को अभिव्यक्त करता है।

दूसरा प्रमुख दल समाजवादी दल है जो गरीबों का पक्षधर होने का दावा करता है। रेणु ने विचारधारा के मोह से बचते हुए

641, प्रथम तल, मुखर्जी नगर, दिल्ली-9
दूरभाष : 011-47532596, 8750187501 (+91) 8130392354, 8130392356
ई-मेल: helpline@groupdrishti.com, वेबसाइट: www.drishtiIAS.com
फेसबुक: facebook.com/drishtithevisionfoundation, ट्विटर: twitter.com/drishtiias
Copyright – Drishti The Vision Foundation
कृपया इस स्थान में प्रश्न संख्या के अतिरिक्त कुछ न लिखें। (Please do not write anything except the question number in this space)
कृपया इस स्थान में कुछ न लिखें। (Please don't write anything in this space)

कृपया इस स्थान में प्रश्न संख्या के अतिरिक्त कुछ न लिखें।
(Please do not write anything except the question number in this space)

इसकी भी कमियों को उजागर किया है। समाजवादी पार्टी भी वासुदेव के यादव होने की वजह से गाँव मेंजकर जातिवाद का समर्थन करती नजर आती है; पलिटर कर्फार व सोमाजाट जैसे अपराधियों को प्रश्रय देती है तथा दलित हित के कारण "दफा 40" के जनहित में होने के बावजूद उसका विरोध करती है।

तीसरी पार्टी हिन्दु महासभा सेठ है जिसे अनुशासन के आगे कुछ समझ नहीं आता।

उपरोक्त उपन्यास के जरिये रेणु ने तत्कालीन राजनीति की वास्तविकता को उजागर किया है कि कैसे सभी दल जनता को लूटने में लगे थे; कैसे वोटबैंक की राजनीति कर रहे थे। शुरुआती स्तर पर तत्कालीन लोकतंत्र की राजनीतिक वास्तविकताओं का यथार्थ रूप से पर्दाफाश के कारण हिन्दी साहित्य जगत रेणु का आभारी रहेगा।

कृपया इस स्थान में कुछ न लिखें।
(Please don't write anything in this space)

Copyright – Drishti The Vision Foundation

दृष्टि The Vision

कृपया इस स्थान में प्रश्न संख्या के अतिरिक्त कुछ न लिखें।
(Please do not write anything except the question number in this space)

(ग) 'महाभोज' नाम में उपन्यास का पूरा सार सन्निहित है। आप इस कथन से कहाँ तक सहमत हैं? विवेचनात्मक उत्तर दीजिये। 15

कृपया इस स्थान में कुछ न लिखें।
(Please don't write anything in this space)

'महाभोज' मन्नू भंडारी द्वारा रचित अत्यंत चर्चित राजनीतिक उपन्यास है। यह उपन्यास अपने राजनीतिक, सामाजिक व मध्यवर्ग के सटीक विश्लेषण के कारण विशिष्ट बन पड़ा है।

उपरोक्त रचना का ~~इति~~ नामकरण 'महाभोज' अपनी गहरी अर्थवत्ता में पूरा सार सन्निहित करता है।

महाभोज का सामान्य अर्थ है- किसी की मृत्यु पर दिया जाने वाला भोज। किन्तु यहाँ ~~इसमें~~ इसका बेहद प्रतीकात्मक अर्थ निहित है। रचना के शुरू में जिक्र आता है कि "लावारिश लाश को गिद्ध नोंच नोंच कर खा जाते हैं। xxx ~~पर~~ विशेसर लावारिस नहीं।"

दृष्टि The Vision
641, प्रथम तल, मुखर्जी नगर, दिल्ली-9
दूरभाष : 011-47532596, 8750187501 (+91) 8130392354, 8130392356
ई-मेल: helpline@groupdrishti.com, वेबसाइट: www.drishtiIAS.com
फेसबुक: facebook.com/drishtithevisionfoundation, ट्विटर: twitter.com/drishtiias
Copyright – Drishti The Vision Foundation

A3

दृष्टि The Vision

कृपया इस स्थान में प्रश्न संख्या के अतिरिक्त कुछ न लिखें।
(Please do not write anything except the question number in this space)

कृपया इस स्थान में कुछ न लिखें।
(Please don't write anything in this space)

यहाँ लाश बिसेसर की नहीं उस लोकतंत्र की है तथा उन सपनों की है जो आजादी के दीवानों ने लोगों को दिखाए। इस लाश को नोच-नोच कर खाने वाले गिद्ध वे लोग हैं जो सत्ता में रहकर लोकतंत्र व उन सपनों के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। एक ओर दा साहब हैं जो इस लोकतंत्र की लाश पर दिखावा करके और शक्तिशाली होकर आये हैं, इधर वे सुकुल बाबू हैं जो इस लाश को नोंचकर सबसे बड़ी रैली आयोजित करने में सफल हुए हैं। इसी ओर, डीआईजी सिन्हा हैं जो इस लाश पर 'महाभोज' रूपी पार्टी कर रहे हैं; वह दत्ता बाबू हैं जो

दृष्टि The Vision
641, प्रथम तल, मुखर्जी नगर, दिल्ली-9
दूरभाष : 011-47532596, 8750187501 (+91) 8130392354, 8130392356
ई-मेल: helpline@groupdrishti.com, वेबसाइट: www.drishtiIAS.com
फेसबुक: facebook.com/drishtithevisionfoundation, ट्विटर: twitter.com/drishtiias
Copyright – Drishti The Vision Foundation

'मशाल' को ठंडा कर मस्ते कागज का जश्न मनाये जा रहे हैं। वस्तुत: ये सारे राजनेता, पत्रकार, अधिकारी लोकतंत्र की लाश पर महाभोज आयोजित कर रहे हैं। यही वह मंतव्य है जो रचना के हर पृष्ठ पर लेखिका उभारना चाहती हैं।

स्पष्ट है कि 'महाभोज' नाम में में वे लोग भी शामिल पक्ष है जिनकी मौत की जा रही है तथा जिनकी मौत पर जश्न मनाया जा रहा है। पहले तो हरिजनों की, तत्पश्चात बिंदु की और अब बिंदा की संभावित मृत्यु। वस्तुत: ये महज व्यक्ति नहीं बल्कि "दुर्निवार सम्मोहन भरी अग्नी लीक है" जिसे ये सब मिलकर दबाना चाहते हैं। किन्तु यह "अग्नीलीक बिंदु और बिंदा तक ही नहीं रुकती।" यही मंतव्य अंतत: प्रदर्शित हुआ है।

अन्य
8½/11

641, प्रथम तल, मुखर्जी नगर, दिल्ली-9
दूरभाष : 011-47532596, 8750187501 (+91) 8130392354, 8130392356
ई-मेल: helpline@groupdrishti.com, वेबसाइट: www.drishtiIAS.com
फेसबुक: facebook.com/drishtithevisionfoundation, ट्विटर: twitter.com/drishtiias
Copyright – Drishti The Vision Foundation
कृपया इस स्थान में प्रश्न संख्या के अतिरिक्त कुछ न लिखें। (Please do not write anything except the question number in this space)
कृपया इस स्थान में कुछ न लिखें। (Please don't write anything in this space)